**S-00** Roll No. ……………………..

# MAHL–203

भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

Second Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी की उपभाषा और उनकी बोलियों का परिचय देते हुए पश्चिमी हिन्दी की किसी एक प्रमुख बोली का विस्तार से वर्णन कीजिए।

2. ध्वनि-परिवर्तन के क्या कारण हैं ? ध्वनि-परिवर्तन की दिशाएँ उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. हिन्दी शब्दों के स्रोतों का वर्गीकरण करते हुए उन पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
4. प्रयोजनमूलक हिन्दी का अर्थ और परिभाषा की विवेचना करते हुए उसके क्षेत्र पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'देवनागरी एक वैज्ञानिक लिपि है।' उदाहरण देकर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
2. भाषा और बोली के अन्तर्सम्बन्ध की विवेचना कीजिए।
3. रूप परिवर्तन क्या है ? उसके कारणों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
4. कारक और विभक्ति का परिचय दीजिए।
5. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद बताइए।
6. अर्थ-संकोच और अर्थादेश को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
7. हिन्दी के विकास में कम्प्यूटर की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।
8. 'तद्भव' और 'देशज' शब्दों को परिभाषित करते हुए उनमें अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ सम्मिलित की गयी हैं ?
2. मानस्वरों की संख्या कितनी है ?
3. 'वाक्य प्रदीप' किसकी रचना है ?
4. 'ईश्वर सबका भला करे।' किस प्रकार का वाक्य है ?
5. पागल > पगला में कौन-सा ध्वनि-विपर्यय है ?
6. 'टिकटघर' किस वर्ग का शब्द है ?
7. निम्नलिखित में से कौन-सा देशज शब्द है ?

   (अ) कारु

   (ब) खर्राटा

   (स) दूल्हा
8. नागरी लिपि का विकास ब्राह्मी लिपि की किस शैली से हुआ है ?
9. 'श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।' वाक्य को शुद्ध कीजिए।
10. 'वाचाल' और 'स्वार्थ' शब्द के विलोम लिखिए।